# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## वीरवार, 9 अप्रैल, 2015/19 चैत्र, 1937 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 51**

----

### नए संस्थान खोलने की घोषणाएं

*2082 **श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर) :**
**श्री रविन्द्र सिंह (देहरा) :**
**श्री सुरेश कुमार (पच्छाद) :**
**श्री रिखी राम कौंडल(झण्डुता) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक प्रथम जनवरी, 2013 से 15-02-2015 तक कितने नए संस्थान खोलने की घोषणाएं मुख्य मंत्री/मन्त्रियों द्वारा की गई; ब्यौरा दें;

(ख) दिनांक 15-02-2015 तक कितने संस्थानों को खोलने की अधिसूचना कर उन्हें Functional बना दिया गया है; ब्यौरा संस्थानवार दें; और

(ग) इन संस्थानों हेतु कितने पद सृजित किए गए तथा कितने भरे गए व कितने रिक्त हैं; ब्यौरा संस्थानवार दें ?

----

## सब्जी मण्डी की अद्यतन स्थिति

***2083 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में पराला सब्जी मण्डी के निर्माण पर कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें; और

(ख) इसे कब तक जनता को समर्पित कर दिया जाएगा ?

----

## बस रूट आबंटन

***2084 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत दो वर्षों में नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितने व्यक्तियों को प्राइवेट बसों के रूट दिए गए हैं; विवरण नाम सहित दें;

(ख) दिए गए रूटों पर क्या बसें नियमित रूप से चल रही हैं या नहीं; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रूट आबंटन हेतु क्या अनुपात निर्धारित है?

----

## I.T. Teachers

***2085 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state:-
(a) presently how many I.T. Teachers of different categories are employed in the State;

(b) out of these how many teachers have been employed by Education Department and how many are by outsourcing; and

(c) whether the Government has formulated any policy for the teachers who have been working as I.T. Teachers for last many years by outsourcing ?

----

## भंजराड़ू बस अड्डा निर्माण

***2086 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार जिला चम्बा के Bhanjraroo में Bus Stand बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; और

(ख) सरकार क्या चम्बा से शिमला वातानुकूलित बस तथा भंजराड़ू से शिमला बस सेवा शुरू करने का विचार भी रखती है; यदि हां, तो कब तक ?

----

## सुरंग निर्माण

***2087 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश में कहां-कहां पर सुरंग के निर्माण कार्य प्रस्तावित हैं; ब्यौरा नाम व अनुमानित लागत सहित दें; और

(ख) वर्तमान में किस-किस सुरंग का कार्य प्रारम्भ किया गया है तथा इनकी अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

## भवन निर्माण

***2088 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि भटियात विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हटली के भवन का निर्माण हो चुका है;

(ख) यदि हां, तो गत दो वर्षों में इस भवन हेतु कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; और

(ग) इस भवन का निर्माण निजी या सरकारी भूमि पर किया गया है; ब्यौरा भूमि के इन्तकाल सहित दें ?

----

## फरगेड़-झिकला भनियार सड़क

***2089 श्रीमती सरवीन चौधरी (शाहपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) कांगड़ा लोक निर्माण मण्डल के अन्तर्गत फरगेड़ से झिकला भनियार निर्माणाधीन

सड़क की स्वीकृति कब हुई तथा इसकी कुल लम्बाई कितनी है;

(ख) वर्तमान में इसका कितना कार्य हुआ है तथा इसकी अद्यतन स्थिति क्या है ; और

(ग) इस सड़क के निर्माण का मामला क्या न्यायालय के विचाराधीन है; यदि हां, तो इस मामले के समाधान हेतु अब तक क्या-क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

----

## बस किराया विसंगति

***2090 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा कुछ रूटों पर लो फ्लोर बसों को चलाया गया है; जिनका किराया अन्य बसों की तुलना में कम है; यदि हां, तो ऐसी जिलाशः कितनी-कितनी बसें हैं और कब-कब से चलाई गई हैं; ब्यौरा दें;

(ख) एक ही रूट पर अलग-अलग रेट से किराया वसूलना क्या न्यायसंगत है;

(ग) इस विसंगति का क्या निजी ट्रांस्पोर्टरों ने विरोध किया है; यदि हां, तो निगम इस बारे क्या कार्रवाई कर रही है; और

(घ) निगम ग्रामीण क्षेत्रों में भी क्या शहरी क्षेत्रों की तर्ज पर कम दरों वाली बसें चलाने का विचार रखती है ?

----

## लैपटॉप का आबंटन

***2091 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार द्वारा वर्ष 2013-14 एवं 2014-15 में कितने Meritorious विद्यार्थियों को लैपटॉप/नेटबुक दिए गए; ब्यौरा विद्यार्थियों के नाम व पते सहित दें; और

(ख) इस अवधि में सरकार ने कितने लैपटॉप/नेटबुक खरीदे तथा इस पर कितना व्यय किया गया ?

----

## रास्तों/सड़कों का रख-रखाव

***2092 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि प्रदेश के अन्तर्गत पिछली भारी बरसात के कारण पंचायतों द्वारा बनाए गए कुछ रास्ते/सड़कें बन्द हो गए थे; और

(ख) यदि हां, तो इन्हें पुनः चालू करने हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; ब्यौरा दें ?

----

## परिहार-द्रड्डा सड़क

***2093 श्री बी0 के0 चौहान (चम्बा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) सरकार चम्बा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत द्रड्डा में परिहार-द्रड्डा सड़क बस चलाने योग्य बनाने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो कब तक ?

----

## पशु महाविद्यालय पालमपुर

***2094 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में वैटरिनरी कॉलेज पालमपुर में Teaching Faculty के कितने पद सृजित हैं; ब्यौरा फैकल्टीवार दें;

(ख) इनमें से कितने पद रिक्त हैं;

(ग) भरे हुए पदों में से कितने Regular, Contract व Deputation पर हैं; ब्यौरा दें; और

(घ) रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा ?

----

## कैलाश मान सरोवर यात्रा

***2095 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि जिला किन्नौर के शिपकिला दर्रे से कैलाश मान सरोवर यात्रा का मार्ग सबसे छोटा व सुगम है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने केन्द्र सरकार से इस मार्ग से यात्रा को अनुमति दिए जाने बारे पत्राचार किया है; और

(ग) यदि हां, तो कब; ब्यौरा किए गए पत्राचार सहित दें ?

----

## Prepaid Meters

***2096 Shri Suresh Bhardwaj (Shimla):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state:-

(a) whether HPSEBL has provided prepaid meters to the consumers in Shimla and other parts of State;

(b) what are per unit charges of electricity from consumers having prepaid meters; and

(c) whether rates per unit of electricity have been enhanced for prepaid meter consumers; if yes, when and what is the rate ?

----

## Mudh Bhawa Road

***2097 Shri Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state:-

(a) whether it is a fact that Mudh Bhawa road has been declared State Highway;

(b) since when the forest clearance of the said road has been applied; and

(c) by when it is expected to be cleared by the Forest Department ?

----

## स्टील यूनिट को पुनः प्रारम्भ करना

***2098 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि वर्तमान में इन्दौरा में Steel Authority of India का Unit बन्द है; यदि हां, तो ब्यौरा कारणों सहित दें; और

(ख) सरकार इसे कब तक चालू करने का विचार रखती है ?

----

## शिमला-बिलासपुर सड़क मार्ग को चौड़ा करना

***2099 श्री गोविन्द राम शर्मा (अर्की):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में शिमला से बिलासपुर तक सड़क की किस-किस स्थान पर widening की

जानी प्रस्तावित है; और

(ख) सरकार कब तक कार्य प्रारम्भ करने का विचार रखती है ?

----

## रिक्त पद

***2100 श्री यादविन्द्र गोमा (जयसिंहपुर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में लम्बागांव खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं; ब्यौरा पदवार दें;

(ख) इनमें से कितने पद रिक्त हैं; और

(ग) कार्यालय के भवन की अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

## पुलिस बैरियर की स्थापना

***2101 श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि सरकार जिला सिरमौर के मीनस में पुलिस बैरियर स्थापित करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक ?

----

## Tubewells

***2102 Shri Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state:-

(a) whether the Government proposes to energize the agricultural tubewells of individuals in the State;

(b) during the last three years how many such tubewells have been energized in the State; and

(c) how many such tubewells have been energized in Nalagarh Assembly Constituency during the same period?

----

## Chamaradi-Daddar-Baloh Road

***2103 Shri Narinder Thakur (Sujanpur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state:-

(a) whether Chamaradi, Daddar via Baloh road has been constructed under original head of account or from other head in Sujanpur Assembly Constituency under District Hamirpur; details be given;

(b) if the above contruction was from other head of account, then, what is the budget allocation and expenditure done; year-wise details be given; and

(c) whether Government has authorised the Department to utilize the funds of other heads of account against original works and to execute the original works showing expenditure to other works; if yes, the copy of the same be laid on the Table of the House?

----

## सौर ऊर्जा हेतु नीति

***2104 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में सौर ऊर्जा के उत्पादन की क्षमता उपलब्ध है; और

(ख) यदि हां, तो कितने मैगावाट उत्पादन क्षमता है और उसके लिए सरकार द्वारा कोई नीति बनाई गई है; यदि हां, तो नीति की प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## चाय फैक्टरी को पुनः चालू करना

***2105 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि बैजनाथ में सहकारी चाय फैक्टरी कई वर्षों से बन्द है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इसे पुनः चालू करने का विचार रखती है ?

----

## बस अड्डा नेरवा

***2106 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत क्या नेरवा में बस अड्डा निर्मित किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो इसके लिये कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; और इसकी अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## स्पाईस पार्क

***2107 श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि वर्ष 2014 में जिला हमीरपुर के बड़ा में स्पाईस पार्क का शिलान्यास किया गया; और

(ख) यदि हां, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

## मुख्य मंत्री राहत कोष

***2108 श्री वीरेन्द्र कंवर (कुटलैहड़):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2013-2014 व 2014-2015 में प्रदेश में मुख्य मंत्री राहत कोष से कितना धन वितरित किया गया; लाभार्थियों का ब्यौरा नाम व पते सहित विधान सभा क्षेत्रवार दें ?

----

## Silk Mill

***2109 Shri Ajay Mahajan (Nurpur):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state:-

(a) whether it is a fact that there is a Government owned silk mill at Bodh in Nurpur Assembly Constituency; and

(b) if yes, there is any proposal to upgrade or revive it ?

----

## पशु अस्पताल/औषधालय की स्थापना

*2110 **श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 15 फरवरी, 2015 तक सरकार द्वारा प्रदेश में कितने पशु औषधालय व डिस्पैन्सरीज़ खोली गई; ब्यौरा जिलाशः दें ?

----

## अधिवक्ताओं की नियुक्ति

*2111 **श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत दो वर्षों में (1.1.2013 से 31.03.2015 तक) प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न मामलों की हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय में पैरवी हेतु प्रदेश के बाहर के कौन-कौन से अधिवक्ताओं को नियुक्त (engage) किया; ब्यौरा अधिवक्ता के नाम, पते व मामलेवार दें; और

(ख) इन अधिवक्ताओं को प्रति केस व पेशीवार कितनी-कितनी फीस दी गई; ब्यौरा दें ?

----

## जनजातीय क्षेत्र घोषित करना

*2112 **श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि ट्रांसगिरी क्षेत्र को जनजातीय क्षेत्र घोषित करने का मामला सरकार के विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें ?

----

## भवन का उद्घाटन

*2113 **श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि झण्डुता विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बैरी-मियां के भवन का उद्घाटन कब किया गया और यह किसके द्वारा किया गया; ब्यौरा दें ?

----

## Policy to Renovate Churches/Cemeteries

***2114 Smt. Asha Kumari(Dalhousie) :**
**Shri Anirudh Singh(Kasumpti) :**

Will the **Chief Minister** be pleased to state:-

(a) whether the Government is formulating a policy to renovate and restore all the churches and cemeteries on the analogy of Temples in various parts of the State;

(b) whether the Government has got a consolidated list of all the churches and cemeteries in the State; and

(c) if yes, copy be laid on the Table of the House?

----

## पिछड़ी पंचायतें

***2115 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में जिला मण्डी के अन्तर्गत कितनी पिछड़ी ग्राम पंचायतें हैं; ब्यौरा विधान सभा क्षेत्रवार दें ?

----

## राशन वितरण

***2116 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि वर्तमान में चुराह विधान सभा चुनाव क्षेत्र की ग्राम पंचायत जुनास व गुईला सनवाल बैरागढ़ में सरकारी राशन डिपो में राशन वितरण नहीं हो रहा है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार उक्त डिपो से राशन वितरण करवाने हेतु क्या पग उठा रही है ?

----

## कार्यालय का निर्माण

***2117 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि मार्केट कमेटी यार्ड के अखाड़ा बाजार में जिला कुल्लू एवं लाहौल-स्पिति की मार्केट कमेटी के कार्यालय का निर्माण किया गया है; यदि हां, तो इस पर कितनी राशि व्यय की गई; ब्यौरा ठेकेदार के नाम सहित दें; और

(ख) इस निर्माण कार्य के प्राक्कलन की बोर्ड द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई थी; यदि हां, तो कब; यदि नहीं, तो कारण ?

----

## अध्यापिका की मृत्यु

*2118 **श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 20-01-2015 को जिला सोलन के अन्तर्गत Pine Grove School, सुबाथू में किसी शिक्षिका की मृत्यु हुई है; यदि हां, तो FIR कहां दर्ज है;

(ख) यह सत्य है कि शिक्षिका ने अपनी मृत्यु से पूर्व माननीय उच्च न्यायालय को लिखे पत्रों में स्कूल प्रशासन द्वारा उन्हें प्रताड़ित करने का उल्लेख किया था; और

(ग) यदि हां, तो अब तक दर्ज FIR पर क्या कार्रवाई की गई है ?

----

## सड़कों का निर्माण

*2119 **श्री राम कुमार (दून):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत दो वर्षों में लोक निर्माण मण्डल नालागढ़, कसौली, सोलन व अर्की के अन्तर्गत नई सड़कों पर कितनी धनराशि खर्च की गई; ब्यौरा सड़कवार दें; और

(ख) इस अवधि में कितने किलोमीटर नई सड़कों का निर्माण किया गया और कितने किलोमीटर पक्का किया गया; ब्यौरा दें ?

----

## सड़क निर्माण

*2120 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकाघाट विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत अनुसूचित जाति उप-योजना के अन्तर्गत किन-किन सड़कों का निर्माण कार्य चल रहा है और उनकी अनुमानित लागत क्या-क्या है; ब्यौरा सड़कवार दें; और

(ख) इनकी अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

## केन्द्र सरकार से वित्तीय सहायता

***2121 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत दो महीनों में प्रदेश सरकार को केन्द्र सरकार से किन-किन उद्देश्यों के लिए कितनी-कितनी धनराशि वित्तीय सहायता के रूप में प्राप्त हुई; ब्यौरा सभा पटल पर रखें?

----

## पार्किंग निर्माण

***2122 श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में आई0एस0बी0टी0 टुटीकण्डी, शिमला में कितनी बसों को पार्क करने की व्यवस्था है;

(ख) यह सत्य है कि इस बस स्टैण्ड के निकट मुख्य सड़क पर बसें खड़ी रहती हैं; जिससे आवागमन प्रभावित होता है; और

(ग) यदि हां, तो सरकार इन बसों के लिए पार्किंग बनाने का विचार रखती है ?

----

## Recruitment in Home Guards

***2123 Shri Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state:-

(a) whether it is a fact that recruitment for home guards is done every year in all districts;

(b) if yes, during the last three years how many lady home guards have been recruited in Lahaul & Spiti; and

(c) if not, whether the Government plans to start the recruitment of lady home guards in Lahaul & Spiti; if yes, what will be the quota; details be given ?

----

## बस अड्डा इन्दौरा

***2124 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार इन्दौरा में बस अड्डा निर्मित करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक ?

----

## शिक्षण संस्थान

***2125 श्री यादविन्द्र गोमा (जयसिंहपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में जयसिंहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी प्राथमिक, माध्यमिक,उच्च एवं वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाएं हैं;

(ख) वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में क्या-क्या विषय (संकाय) स्वीकृत हैं; और

(ग) इनमें से कितनी पाठशालाओं की भूमि विभाग के नाम हस्तांतरित नहीं हैं; ब्यौरा दें ?

----

## औद्योगिक इकाइयों को पुनः प्रारम्भ करना

***2126 श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वर्षों में जिला सिरमौर में कितने उद्योग बन्द किए गए व कितने के बिजली connection काटे गए; और

(ख) सरकार क्या बन्द उद्योगों को पुनः चालू करने का विचार रखती है ?

----

## Roads/Bridges Under SCCP

***2127 Shri Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state:-

(a) for the last three years how many schemes in respect of roads & bridges stand appeared in the budget under SCCP (Demand No. 32) State Sector under Nalagarh Assembly Constituency;

(b) the A/A & E/S of how many schemes stand obtained from the competent authority;

(c) whether the difference between the schemes appeared in budget and A/A & E/S obtained is significant; and

(d) if yes, by when the A/A & E/S of rest of the schemes will be obtained ?

----

## भवन निर्माण

***2128 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) विकास खण्ड नग्गर के अन्तर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला सरसेई व उच्च पाठशाला हलाण-I के भवनों की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) सरकार छात्रों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के दृष्टिगत इन भवनों का निर्माण शीघ्र करने का विचार रखती है ?

----

## जोगिन्द्रनगर-नौहली सड़क

***2129 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि जोगिन्द्रनगर-नौहली सड़क से लिंक रोड़ गांव टिक्कर से लोअर अन्द्राहलू का पिछड़ा क्षेत्र उप-योजना में निर्माण किया गया है; और

(ख) मई, 2012 में क्या इस सड़क हेतु ब्रैस्ट-वॉल के लिए टैण्डर अवार्ड किया गया था; यदि हां, तो उसकी अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

## Outsourcing से भर्ती

***2130 श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 1.1.2013 से 15.02.2015 तक प्रदेश के विभिन्न पॉलीटैक्निक कॉलेजों, आई0टी0आईज़ व अन्य तकनीकी संस्थानों में विभिन्न श्रेणियों के कितने पदों पर पात्र लोग Outsourcing के माध्यम से रखे गए हैं; ब्यौरा फर्म व व्यक्तियों का उनके पद, नाम व पते सहित दें ?

----

## Raja Ka Bagh-Nanglor Road

***2131 Shri Ajay Mahajan (Nurpur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state:-
(a) whether it is a fact that a road from Raja Ka Bagh to Nanglor Industrial Area is in a bad condition due to heavy traffic; and

(b) if yes, what steps the Government is taking to repair/upgrade the road ?

----

## ठेकेदारों की अदायगी

***2132 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 15 फरवरी, 2015 तक बिलासपुर लोक निर्माण मण्डल न0-II के अन्तर्गत किस-किस ठेकेदार को कौन-कौन सा कार्य कितनी-कितनी धनराशि का दिया गया;

(ख) इनमें से कितने कार्य निविदाओं (tenders) के आधार पर व कितने बिना निविदाओं के दिए गए; ब्यौरा दें; और

(ग) वर्तमान में किस-किस ठेकेदार की किस-किस कार्य की कितनी-कितनी धनराशि का भुगतान (payment) करना शेष है ?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 24 मार्च, 2015.** **सचिव।**